# नौएडा एसईजेड के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 07.10.2024 को होने वाली बैठक की कार्यसूची

मद सं.01. पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्यवाही की समीक्षा ।

मद सं.02. अप्रैल से जून, 2024 तिमाही में कार्यालय के कामकाज में राजभाषा के प्रयोग में प्रगति की समीक्षा ।

मद सं.03. कार्यालय में हिंदी में काम करने में आ रही कठिनाईयों के बारे में विकास आयुक्त महोदय के साथ चर्चा की जा सकती है ।

मद. सं.04. हिंदी छमाही अप्रैल से सितम्बर, 2024 "प्रेरणा" पत्रिका के सातवें संस्करण को छपवाने के लिए चर्चा की जा सकती है ।

मद सं.05. हिंदी तिमाही रिपोर्ट कुछ अनुभागों द्वारा समय पर नहीं दी जाती है इस पर सहायक विकास आयुक्त/उप विकास आयुक्त से चर्चा की जा सकती है ।

मद सं.06. कार्यालय में प्रत्येक तिमाही में राजभाषा के दिशा निर्देश के अनुसार एक कार्यशाला/संगोष्ठी करायी जानी आवश्यक है जिसके लिए राजभाषा विभाग द्वारा अंक प्रदान किये जाते है । इसलिए अक्टूबर माह में किसी भी दिन कार्यशाला/संगोष्ठी करायी जा सकती है इसके लिए राजभाषा का ज्ञान रखने वाले किसी अधिकारी को बुलाया जा सकता है ।

मद सं.08 "प्रेरणा' का हिंदी दिवस विशेषांक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है

।

मद सं.09. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य विषय ।

<u>मद संख्या 1 और 2 पर कार्यवाही रिपोर्ट:-</u>

कार्यालय के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 01.07.2024 को आयोजित की गई थी ।

पिछली तिमाही में विकास आयुक्त महोदय द्वारा कार्यालय के सभी अनुभागों को प्रत्येक माह आये पत्रों के आकड़े हिंदी अनुभाग को देने के लिए कहा गया था लेकिन इस पर किसी भी अनुभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है | विकास आयुक्त महोदय इस पर सहायक विकास आयुक्त/अनुभागों से चर्चा कर सकते है |

बैठक में अन्य बातो के साथ यह निर्णय लिया गया था कि सभी अधिकारीगण अपने-अपने अनुभागों में हिंदी नोटिंग बढ़ाने हेतु हर संभव प्रयास करेंगे | अपने अपने अनुभागों में जुलाई से सितम्बर, 2024 हिंदी तिमाही रिपोर्ट धारा 3(3) के अंतर्गत पत्रादि द्विभाषी और नियम 5 के अंतर्गत हिंदी में जारी करेंगे |

कार्यालय के सदस्यगण अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अपने अपने अनुभागों में हिंदी के प्रयोग में आ रही कठिनाईयों और प्रगति के लिए किये गए उपायों पर विचार रख सकते है |